Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 12 October 2024

Dainik Jagran
Page - 12

शोधपत्रों के प्रकाशन पर शोधार्थियों को गोवि देगा नकद पुरस्कार

शोध एवं अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कार के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

गोरखपुर विश्वविद्यालय • जागरण

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : शोध और अनुसंधान के लिए शोधार्थियों को प्रोत्साहित करने के क्रम में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय प्रशासन ने शोधपत्रों के प्रकाशन पर पुरस्कृत करने की योजना बनाई है। चार श्रेणी में दिए जाने वाले इस पुरस्कार की शुरुआत तीन हजार रुपये से होगी। जर्नल के स्तर के मुताबिक पुरस्कार की राशि बढ़ती जाएगी। शीर्ष जर्नल में शोधपत्र के प्रकाशन पर प्रति शोधपत्र 11 हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे। विश्वविद्यालय की इस योजना को कार्यपरिषद की स्वीकृति भी प्राप्त हो गई है।

यह पुरस्कार फोटेटिनम, डायमंड, गोल्ड, सिल्वर, और ब्रांज की श्रेणी में दिए जाएंगे। श्रेणी का निर्धारण जर्नल के स्तर पर किया जाएगा। विश्वविद्यालय को मिली जानकारी के अनुसार अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कारों का उद्देश्य उन शिक्षकों और छात्रों को सम्मानित और पुरस्कृत करना है, जिनके शोधपत्र उच्च प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हुए हैं जो स्कोपस और वेब आफ साइंस में सूचीबद्ध हैं। इन जर्नल्स को उनके प्रभाव कारक (इम्पैक्ट फैक्टर) और उद्धरण मेट्रिक्स के आधार पर क्वार्टाइल्स में वर्गीकृत किया गया है। इसमें शीर्ष 25 प्रतिशत जर्नल्स क्वार्टाइल्स-1 का प्रतिनिधित्व करता है और क्वार्टाइल्स-4 निचले स्तर के 25 प्रतिशत जर्नल आते हैं। विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 में अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कारों के लिए कवर के रूप में पांच लाख 60 हजार की धनराशि स्वीकृत की है। यह पुरस्कार अनुसंधान दिवस पर फरवरी में प्रदान किए जाएंगे।

यह पुरस्कार की शुरुवे शोधार्थियों का उत्साह : शोधार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यपरिषद ने वार्षिक पुरस्कार को भी स्वीकृति दी है। उत्कृष्ट शोधकार्य कम के इस पुरस्कार में शोधार्थियों को 21 हजार रुपये दिए जाएंगे। इस पुरस्कार के लिए शोधार्थी को प्रकाशन, पेटेंट, परियोजना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त सम्मान के आधार पर अपनी उत्कृष्टता सिद्ध करनी होगी।

श्रेणीवार पुरस्कार संरचना (प्रति प्रकाशन)

- फोटेनम पुरस्कार (क्वार्टाइल-1) : 11 हजार
- डायमंड पुरस्कार (क्वार्टाइल-2) : सवा हजार
- गोल्ड पुरस्कार (क्वार्टाइल-3) : पांच हजार
- सिल्वर पुरस्कार (क्वार्टाइल-4) : तीन हजार
- ब्रांज पुरस्कार (क्वार्टाइल-1 से 4 तक) : प्रमाण पत्र

विश्वविद्यालय के सभी जरूरतों के अनुसार अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कारों का उद्देश्य उन शिक्षकों और छात्रों को सम्मानित और पुरस्कृत करना है, जिनके शोधपत्र उच्च प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हुए हैं जो स्कोपस और वेब आफ साइंस में सूचीबद्ध हैं। इन जर्नल्स को उनके प्रभाव कारक (इम्पैक्ट फैक्टर) और उद्धरण मेट्रिक्स के आधार पर क्वार्टाइल्स में वर्गीकृत किया गया है। इसमें शीर्ष 25 प्रतिशत जर्नल्स क्वार्टाइल-1 का प्रतिनिधित्व करता है और क्वार्टाइल-4 निचले स्तर के 25 प्रतिशत जर्नल आते हैं।

प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, दीद्य गोरखपुर विश्वविद्यालय

बीए व एमए की आंतरिक परीक्षा 15 अक्टूबर से

जासं, गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग ने सेमेस्टर कक्षाओं की आंतरिक परीक्षा की समय सारिणी जारी कर दिया है। जारी समय सारिणी के अनुसार बीए पंचम सेमेस्टर की आंतरिक परीक्षा 15 अक्टूबर को होंगी जबकि बीए तृतीय सेमेस्टर के दोनों प्रश्नपत्रों की आंतरिक परीक्षा 19 व 21 अक्टूबर को होगी।

Amar Ujala
Page - 08

डीडीयू : शोध और पेटेंट पर मिलेगा पुरस्कार, कार्य परिषद से मिली मंजूरी

पांच श्रेणियों में बांटकर दिया जाएगा पुरस्कार, अधिकतम 86 शोधार्थी होंगे सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के शिक्षकों और शोधार्थियों के लिए अच्छी खबर है। अब अच्छे रिसर्च और पेटेंट पर उन्हें विश्वविद्यालय के मंच से न सिर्फ मेडल और सर्टिफिकेट मिलेगा, बल्कि नगद पुरस्कार जीतने का भी मौका होगा। एक शोधार्थी को 'आउटस्टैंडिंग रिसर्च अवार्ड' के रूप में 21 हजार रुपये की राशि मिलेगी। तीन से 11 हजार रुपये तक के कुल 85 पुरस्कार रखे गए हैं। इसे कार्य परिषद ने भी अपनी मंजूरी दे दी है।

एनआईआरएफ जैसी राष्ट्रीय और क्यूएस वर्ल्ड जैसी प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शामिल होने के लिए रिसर्च पब्लिकेशन और पेटेंट का सबसे बड़ा योगदान होता है। रिसर्च और पेटेंट को बढ़ावा देने के लिए डीडीयू प्रशासन ने 'क्वारटाइल रिसर्च अवार्ड' देने की योजना बनाई है। इसके लिए पिछले दिनों ही तीन सदस्यीय समिति गठित की गई थी। समिति की सिफारिशों पर कार्य परिषद ने मुहर लगा दी है।

डीडीयू में कई शिक्षकों और विद्यार्थियों ने शोध और पेटेंट के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है, लेकिन विश्वविद्यालय के अंदर और बाहर उन्हें कम ही ख्याति मिली है। क्वारटाइल रिसर्च अवार्ड फरवरी में रिसर्च डे पर उत्कृष्ट शोधार्थियों को प्रदान किया जाएगा।

इम्पैक्ट फैक्टर होगा चयन का आधार : स्कोपस और वेब ऑफ साइंस में सूचीबद्ध प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशन पर पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। जर्नल्स को उनके इम्पैक्ट फैक्टर और उद्धरण मेट्रिक्स के आधार पर क्वारटाइल्स (क्यू1 से क्यू4) में वर्गीकृत किया गया है। इसमें क्यू1 शीर्ष 25 प्रतिशत जर्नल्स का प्रतिनिधित्व करता है और क्यू 4 निचले 25 प्रतिशत का।

क्यू 1 जर्नल्स में प्रकाशन पर 11 हजार : क्यू 1 जर्नल्स में प्रकाशन पर प्लेटिनम पुरस्कार दिया जाएगा। इसके तहत 11 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। क्यू 2 में डायमंड पुरस्कार के रूप में 7 हजार, क्यू 3 में गोल्ड के तहत 5 हजार, क्यू 4 में सिल्वर के रूप में 3 हजार रुपये मिलेंगे। क्यू 1 से क्यू 4 तक के जर्नल्स में सह लेखक को ब्रॉन्ज के रूप में प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। प्रकाशन, पेटेंट, परियोजनाओं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त सम्मान के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

5.06 लाख पुरस्कार के लिए अनुमानित बजट पास, 21 हजार रुपये मिलेंगे आउटस्टैंडिंग रिसर्च अवार्ड

क्यू 1 जर्नल्स में प्रकाशन पर 11 हजार रुपये की राशि

इन पुरस्कारों का उद्देश्य शिक्षकों और छात्रों के अनुसंधान में योगदान को पहचानना और प्रोत्साहित करना है। इससे शोध-उन्मुख संस्कृति का विकास होगा। इसके लिए 5.06 लाख रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। विश्वविद्यालय में बड़े मंच से चयनित शोधार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

-प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, डीडीयू

डीडीयू : समाजशास्त्र विषय की बीए की आंतरिक परीक्षा 15 से

गोरखपुर। दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि के समाजशास्त्र विभाग की ओर से सेमेस्टर कक्षाओं की आंतरिक परीक्षा (मिड टर्म) की समय सारिणी जारी कर दी गई है। यह सभी परीक्षाएं समय-सारणी के अनुरूप निर्धारित सेक्शन/ कक्षा में ही संपादित की जाएंगी। समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनुराग द्विवेदी ने बताया कि बीए पंचम सेमेस्टर की आंतरिक परीक्षा 15 अक्तूबर को होगी, जबकि बीए तृतीय सेमेस्टर के दोनों प्रश्नपत्रों की आंतरिक परीक्षा 19 व 21 अक्तूबर को होगी। एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 16 व 17 अक्तूबर को समाजशास्त्र विभाग में होगी। संवद

Hindustan
Page - 10

गोरखपुर विश्वविद्यालय शोध प्रकाशन की गुणवत्ता और पेटेंट के महत्व के आधार पर पांच वर्गों में पुरस्कार

उत्कृष्ट शोध-पेटेंट पर पुरस्कार को मंजूरी

डीडीयू

21 हजार मिलेंगे रिसर्च अवार्ड के तहत में

■ कार्य परिषद ने पांच लाख साठ बजट किया स्वीकृत

क्यू 1 जर्नल्स में प्रकाशन पर 11 हजार रुपये की राशि

क्यू 1 जर्नल्स में प्रकाशन पर प्लेटिनम पुरस्कार दिया जाएगा। इसके तहत 11 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। क्यू 2 में डायमंड पुरस्कार के रूप में 7 हजार, क्यू 3 में गोल्ड के तहत 5 हजार, क्यू 4 में सिल्वर के रूप में 3 हजार रुपये मिलेंगे। क्यू 1 से क्यू 4 तक के जर्नल्स में सह लेखक को ब्रॉन्ज के रूप में प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। प्रकाशन, पेटेंट, परियोजनाओं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

इन पुरस्कारों का उद्देश्य शिक्षकों और छात्रों के अनुसंधान में योगदान को पहचानना और प्रोत्साहित करना है। इससे शोध-उन्मुख संस्कृति का विकास होगा। इसके लिए 5.06 लाख रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। विश्वविद्यालय में बड़े मंच से चयनित शोधार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

-प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, डीडीयू

विश्वविद्यालय के शोध और पेटेंट के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है। लेकिन विश्वविद्यालय के अंदर और बाहर वो उन्हें कम ही ख्याति मिली है।

क्वारटाइल रिसर्च अवार्ड फरवरी में रिसर्च डे पर उत्कृष्ट शोधार्थियों को प्रदान किया जाएगा।

इम्पैक्ट फैक्टर होगा चयन का आधार

स्कोपस और वेब ऑफ साइंस में सूचीबद्ध प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशन पर पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। जर्नल्स को उनके इम्पैक्ट फैक्टर और उद्धरण मेट्रिक्स के आधार पर क्वारटाइल्स (क्यू1 से क्यू4) में वर्गीकृत किया गया है। इसमें क्यू1 शीर्ष 25 प्रतिशत जर्नल्स का प्रतिनिधित्व करता है और क्यू 4 निचले 25 प्रतिशत का।

क्यू 1 जर्नल्स में प्रकाशन पर 11 हजार : क्यू 1 जर्नल्स में प्रकाशन पर प्लेटिनम पुरस्कार दिया जाएगा। इसके तहत 11 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। क्यू 2 में डायमंड पुरस्कार के रूप में 7 हजार, क्यू 3 में गोल्ड के तहत 5 हजार, क्यू 4 में सिल्वर के रूप में 3 हजार रुपये मिलेंगे। क्यू 1 से क्यू 4 तक के जर्नल्स में सह लेखक को ब्रॉन्ज के रूप में प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। प्रकाशन, पेटेंट, परियोजनाओं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त सम्मान के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

छात्रों का आंतरिक मूल्यांकन इसी महीने

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय और सम्बद्ध कॉलेजों में आंतरिक मूल्यांकन इसी महीने पूर्ण कराई जाएगी। इसे लेकर विभागों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। समाजशास्त्र विभाग में बीए और एमए के विषम सेमेस्टर की आंतरिक परीक्षाएं 15 अक्तूबर से कराने का निर्णय लिया गया है। डीडीयू में विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 नवम्बर से प्रस्तावित हैं। उक्त जानकारी डीडीयू में समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. अनुराग द्विवेदी ने दी।

Amar Ujala Select
Page - 05

डीडीयू : शोध व पेटेंट पर मिलेगा पुरस्कार, कार्य परिषद से मंजूरी

शोध व अनुसंधान को पांच श्रेणियों में बांट कर दिया जाएगा पुरस्कार, 86 शोधार्थी होंगे सम्मानित

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के शिक्षकों और शोधार्थियों के लिए अच्छी खबर है। अब अच्छे रिसर्च और पेटेंट पर उन्हें विश्वविद्यालय के मंच से न सिर्फ मेडल और सर्टिफिकेट मिलेगा, बल्कि नगद पुरस्कार जीतने का भी मौका होगा।

एक शोधार्थी को 'आउटस्टैंडिंग रिसर्च अवार्ड' के रूप में 21 हजार रुपये की राशि मिलेगी। तीन से 11 हजार रुपये तक के कुल 85 पुरस्कार रखे गए हैं। इसे कार्य परिषद ने भी अपनी मंजूरी दे दी है।

एनआईआरएफ जैसी राष्ट्रीय और क्यूएस वर्ल्ड जैसी प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शामिल होने के लिए रिसर्च पब्लिकेशन और पेटेंट का सबसे बड़ा योगदान होता है। रिसर्च और पेटेंट को बढ़ावा देने के लिए डीडीयू प्रशासन ने 'क्वारटाइल रिसर्च अवार्ड' देने की योजना बनाई है। इसके लिए पिछले दिनों ही तीन सदस्यीय समिति गठित की गई थी। समिति की सिफारिशों पर कार्य परिषद ने मुहर लगा दी है।

डीडीयू में कई शिक्षकों और विद्यार्थियों ने शोध और पेटेंट के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है, लेकिन विश्वविद्यालय के अंदर और बाहर उन्हें कम ही ख्याति मिली है। क्वारटाइल रिसर्च अवार्ड फरवरी में रिसर्च डे पर उत्कृष्ट शोधार्थियों को प्रदान किया जाएगा।

इम्पैक्ट फैक्टर होगा चयन का आधार : स्कोपस और वेब ऑफ साइंस में सूचीबद्ध प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशन पर पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। जर्नल्स को उनके इम्पैक्ट फैक्टर और उद्धरण मेट्रिक्स के आधार पर क्वारटाइल्स (क्यू1 से क्यू4) में वर्गीकृत किया गया है। इसमें क्यू1 शीर्ष 25 प्रतिशत जर्नल्स का प्रतिनिधित्व करता है और क्यू 4 निचले 25 प्रतिशत का।

क्यू 1 जर्नल्स में प्रकाशन पर 11 हजार : क्यू 1 जर्नल्स में प्रकाशन पर प्लेटिनम पुरस्कार दिया जाएगा। इसके तहत 11 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। क्यू 2 में डायमंड पुरस्कार के रूप में 7 हजार, क्यू 3 में गोल्ड के तहत 5 हजार, क्यू 4 में सिल्वर के रूप में 3 हजार रुपये मिलेंगे। क्यू 1 से क्यू 4 तक के जर्नल्स में सह लेखक को ब्रॉन्ज के रूप में प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। प्रकाशन, पेटेंट, परियोजनाओं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त सम्मान के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

इन पुरस्कारों का उद्देश्य शिक्षकों और छात्रों के अनुसंधान में योगदान को पहचानना और प्रोत्साहित करना है। इससे शोध-उन्मुख संस्कृति का विकास होगा। इसके लिए 5.06 लाख रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। विश्वविद्यालय में बड़े मंच से चयनित शोधार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

-प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, डीडीयू

समाजशास्त्र विषय की बीए की आंतरिक परीक्षा 15 से

गोरखपुर। दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की ओर से सेमेस्टर कक्षाओं की आंतरिक परीक्षा (मिड टर्म) की समय सारिणी जारी कर दी गई है। यह सभी परीक्षाएं समय-सारणी के अनुरूप निर्धारित सेक्शन/ कक्षा में ही संपादित की जाएंगी। समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनुराग द्विवेदी ने बताया कि बीए पंचम सेमेस्टर की आंतरिक परीक्षा 15 अक्तूबर को होगी, जबकि बीए तृतीय सेमेस्टर के दोनों प्रश्नपत्रों की आंतरिक परीक्षा 19 एवं 21 अक्तूबर को होगी। एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 16 एवं 17 अक्तूबर को समाजशास्त्र विभाग में होगी। बताया कि बीए तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर एवं एमए दोनों सेमेस्टर के आंतरिक परीक्षा की विस्तृत समय सारणी जारी कर दी गई है।

प्रवेश और पंजीकरण की तिथि 20 अक्तूबर तक बढ़ी

गोरखपुर। डीडीयू एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए संचालित नियमित एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश एवं पंजीकरण फार्म पूरित कर जमा करने की तिथि 20 अक्तूबर तक बढ़ा दी गई है। यह जानकारी कुलसचिव ने दी है।

Super Fast Times

डीडीयू में शोध एवं अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए कार्य परिषद का दिशानिर्देश स्वीकृत

सुपर फास्ट टाइम्स

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने अकादमिक और अनुसंधान उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शोध एवं अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कारों के लिए दिशानिर्देशों को मंजूरी मिल गयी है। कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक द्वारा स्वीकृत इन पुरस्कारों का उद्देश्य शिक्षकों और छात्रों के अनुसंधान में योगदान को पहचानना और प्रोत्साहित करना है। यह पहल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन के दूरदर्शी नेतृत्व की देन है जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय में शोध-उन्मुख संस्कृति का विकास किया जा सके।

पुरस्कार संरचना और श्रेणियाँ

ये पुरस्कार प्लैटिनम, डायमंड, गोल्ड, सिल्वर, और ब्रॉन्ज श्रेणियों में विभाजित किए गए हैं। प्लैटिनम पुरस्कार (द1 जर्नल्स - शीर्ष 25%): ?11,000/- प्रति प्रकाशन, डायमंड पुरस्कार (द2 जर्नल्स - अगले 25%): ?7,000/- प्रति प्रकाशन, गोल्ड पुरस्कार (द3 जर्नल्स - अगले 25%): ?5,000/- प्रति प्रकाशन, सिल्वर पुरस्कार (द4 जर्नल्स - निचले 25%): ?3,000/- प्रति प्रकाशन, ब्रॉन्ज पुरस्कार (द1-द4 जर्नल्स - सह-लेखक पत्र): प्रमाण पत्र

बजट और कार्यान्वयन

2024-25 के शैक्षणिक वर्ष के लिए अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कारों के लिए कुल अनुमानित बजट ?5,06,000/- है। यह पुरस्कार विश्वविद्यालय के अनुसंधान दिवस के अवसर पर फरवरी में वार्षिक रूप से प्रदान किए जाएंगे।

बीए और एमए समाजशास्त्र विषय की आंतरिक परीक्षाएं 15 अक्टूबर से

सुपर फास्ट टाइम्स

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग ने सेमेस्टर कक्षाओं की आंतरिक परीक्षाओं (मिड टर्म) की समय सारिणी जारी कर दी है। यह सभी परीक्षाएं कक्षाओं की समय सारिणी के अनुसार निर्धारित सेक्शन/कक्षा में ही आयोजित की जाएगी। बीए पंचम सेमेस्टर की आंतरिक परीक्षा 15 अक्टूबर को होगी, जबकि बीए तृतीय सेमेस्टर के दोनों पेपरों की आंतरिक परीक्षा 19 और 21 अक्टूबर को होगी। समाजशास्त्र विभाग में एमए प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 और 17 अक्टूबर को होंगी। उक्त जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष प्रो० अनुराग द्विवेदी ने बताया कि बीए तृतीय और पंचम सेमेस्टर तथा एमए दोनों सेमेस्टर की आंतरिक परीक्षाओं की विस्तृत समय सारिणी जारी कर दी गई है। आंतरिक परीक्षाओं में सभी पंजीकृत छात्रों का उपस्थित होना अनिवार्य है।